Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 24-08-2005

Participants : Pradhan Shri Dharmendra

>

Title : Regarding scaling down of security at the residence of a T.V Journalist despite recommendation to the contrary by the intelligence agencies.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान (देवगढ़) : महोदय, कल शाम को दिल्ली के शकरपुर थाने के अंदर एक बम विस्फोट हुआ। महोदय, जीटीवी में काम करने वाले, निर्भीक, सामाजिक जर्नलिस्ट नवीन कुमार के ऊपर तीसरी बार आतंकवादियों द्वारा जानलेवा हमला हुआ जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्िात करना चाहूंगा कि जब पार्लियामेंट पर अटैक हुआ, अक्षरधाम पर अटैक हुआ, नार्थ-ईस्ट में तब कुछ विशो घटनाएं हुई ऐसी सब घटनाओं का भंडाफोड़ करने वाले नवीन कुमार जिसको बराबर धमकी मिलती रहती थी, और हमले हुए जिसको "Z" श्रेणी का सिक्योरिटी कवर होम मिनिस्ट्री की अनुशंसा से मिलती थी, कल उसे अभी दिल्ली के एक विधायक, और अर्थ मंत्री श्री अशोक वालिया जी की चिट्ठी पर दिल्ली पुलिस ने उनसे सिक्योरिटी कवर ले लिया। उसके नतीजे से आज राट्रद्रोही ताकतों का मनोबल बढ़ा, उसके उत्तर में उन पर फिर हमला हुआ। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहंगा कि इसकी तहकीकात हो, उसकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। उसकी जान माल की सुरक्षा और देश की सुरक्षा के लिए जो निर्भीक लड़ाई करते हैं उनको कड़ी सुरक्षा दी जाए। यही मेरा आपके सामने निवेदन है।